# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएँ प्रथम चरण में दिनांक 24 जनवरी, 2026 से 01 फरवरी, 2026 तक तथा द्वितीय चरण में दिनांक 02 फरवरी, 2026 से 09 फरवरी, 2026 तक आयोजित किए जाने का कार्यक्रम निर्धारित था। किन्तु निर्धारित समयावधि के उपरान्त कुछ विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएँ अवशेष रहने/ऑनलाइन अंक अपलोड न होने के दृष्टिगत, छात्रहित में प्रथम एवं द्वितीय चरण की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि दिनांक 13 फरवरी, 2026 तक विस्तारित की जाती है।

प्रयोगात्मक परीक्षकों/प्रधानाचार्यों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि अवशेष प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पादित कर दिनांक 13 फरवरी, 2026 तक परिषद की वेबसाइट पर शत प्रतिशत अंक अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

निर्धारित समय तक अंक अपलोड न करने के कारण यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है तो उसके लिए सम्बंधित परीक्षक, प्रधानाचार्य एवं शिथिल पर्यवेक्षण हेतु जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होंगे।

(भगवती सिंह) 9/2/26
सचिव

पृ0सं0 : मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 1391(1-7) दिनांक: 09-02-2026

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इस विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों के मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, अनुभाग-7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3- महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, लखनऊ।
5- संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित है कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित कर दें।
6- जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्बंधित जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही निर्धारित तिथि तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें।
7- अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

(भगवती सिंह) 9/2/26
सचिव